


# चेम्बर चुनाव में 4 सौ नए मतदाताओं ने चिन्ता में डाला

## मतदान को लेकर तैयारियां पूरी,देर रात तक जारी रहा पार्टियों का दौर



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. विन्ध्य की प्रतिष्ठत व्यापारिक संस्था विन्ध्य चेम्बर आफ कामर्स के द्विवार्षिक चुनाव की तैयारियां शनिवार को पूरी कर ली गई हैं.दूसरी तरफ मतदाताओं को लुभाने के लिए देर रात तक पार्टियों का आयोजन किया जाता रहा.बताया जा रहा है चेम्बर चुनाव में जुडे चार सौ नए मतदाताओं ने प्रत्याशियों की नींद उडा रखी है.इनके रूख को ही फिलहाल निर्णायक माना जा रहा है.**

तकरीबन 17 सौ सदस्य संख्या वाली संस्था चेम्बर के चुनाव में इस बार समीकरण हर दिन बनते और बिगडते नजर आ रहे हैं.चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों ने अपने अपने स्तर पर मतदाताओं से सम्पर्क के प्रयास किए हैं.इसके अतिरिक्त अध्यक्ष के दावेदारों ने अलग-अलग पार्टियों का आयोजन कर सदस्यों की पिछले एक सप्ताह से खूब आवभगत की है.इसके अतिरिक्त प्रत्याशियों ने सदस्यों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का भी खूब उपयोग किया है.इतने प्रयासों के बाद भी चेम्बर की आवोहवा इस बार बदलती नजर नहीं आ रही है.नए मतदाता के रूप में शामिल चार सौ सदस्यों के रूख को फिलहाल निर्णायक माना जा रहा है.निवृत्तमान अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने इस बार भी अपनी पूरी ताकत लगाई है,लेकिन एक ही समाज से तीन प्रत्याशियों कीएक ही पद पर दावेदारी सामने आ जाने से मामला गम्भीर हो गया है.अपनी साफ सुथरी छवि के आधार पर वोट मांग रहे मनोहर गिडवानी ने कम समय में अपनी पहचान बनाने में सफलता हासिल कर ली है.इसके अलावा राजेश खत्री ने भी येन वक्त अपनी दावेदारी जता कर दोनों प्रत्याशियों के लिए संकट खड़ा कर दिया है.चेम्बर राजनीति में अचानक सक्रिय हुए अशोक अग्रवाल को भी समाज के साथ-साथ कुछ अन्य लोगों का भी सहयोग मिल रहा है.चेम्बर की राजनीति के अनुभवी संदीप जैन को भी समाज के साथ बाजार का समर्थन मिलने की सम्भावना जानकार व्यक्त कर रहे है. चेम्बर के पिछले कार्यकाल में जो कमियां सामने आयी थी.श्री जैन उसे मुद्दा बनाकर लोगों के बीच जा रहे हैं.हालांकि बिना पैनल के चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को अन्य वर्गों के बीच में घुसपैठ बनाने में दिक्कत आ रही है.इसके बावजूद सभी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर अपने अपने स्तर पर दावे कर रहे हैं.इसका निर्णय 29 जून को मतों की गिनती के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा.

### गिनती अगले दिन सोमवार को

इस बीच चेम्बर के कार्यालय में शनिवार को दिनभर मतदान की व्यवस्थाओं को लेकर लोग जुटे रहे .तय कार्यक्रम के अनुसार वरिष्ट अधिवक्ता के पी शर्मा के मार्गदर्शन में रविवार की सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगी .बताया गया है कि शान्तिपूर्व मतदान हो सके इसके लिए दो दर्जन चुनाव कार्यकर्त्ता तैनात किए जाएगे .मतों की गिनती का काम अगले दिन यानी सोमवार को दोपहार बाद किया जाएगा .

# नहाने गए परिवार के 3 लोग पानी में डूबे

## मां और चाची को सुरक्षित निकाला गया, बालक की मौत



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध मार्कण्डेय आश्रम में शनिवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया. भंडारे और प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आए एक परिवार के 3 सदस्य नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में चले गए. स्थानीय लोगों की तत्परता से 2 महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन 15 वर्षीय किशोर नदी की तेज धारा में लापता हो गया.**

सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और देर शाम तक जारी रही के बाद बालक के शव को खोज निकाला गया। सतना जिले के चोरहटा निवासी गुप्ता परिवार रामनगर में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित भंडारे एवं विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आया था. धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद परिवार के कुछ सदस्य मार्कण्डेय नदी में स्नान करने पहुंचे. इसी दौरान आशा गुप्ता (38), पूनम गुप्ता (35) और 15 वर्षीय वेदरूप गुप्ता अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. तीनों को डूबता देख नदी किनारे मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए नदी में छलांग लगाकर बचाव अभियान शुरू किया. काफी प्रयास के बाद आशा गुप्ता और पूनम गुप्ता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. दोनों महिलाओं की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन किशोर वेदरूप गुप्ता तेज बहाव में लापता हो गया. गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. देर शाम तक नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन जारी रही, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका. जिसके चलते परिजन काफी व्यथित गए।

### देर शाम मिला शव

थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि 卐नदी में स्नान के दौरान 3 लोग डूबे थे . जिसमें से 2 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया . वहीं एक किशोर की तलाश लगातार जारी . स्थानीय गोताखोरों के साथ राहत दल नदी में तलाश कर रहा और पूरे घटनाक्रम पर पुलिस की निगरानी बनी रही . वहीं लगातार जारी तलाश के चलते देर शाम किशोर का शव खोज निकाला गया।

# व्यावसायिक दुकान परिसर निर्माण का भूमिपूजन

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वरोजगार एवं आजीविका के मिलेंगे नए अवसर



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. नगर पालिक निगम सतना द्वारा प्रधानमंत्री आवास परिसर, उतैली में ?2.25 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले व्यावसायिक दुकान परिसर का भूमिपूजन शनिवार को आयोजित किया गया।**

श्रीमती प्रतिमा बागरी, राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग एवं महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह परियोजना प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि हितग्राहियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है। व्यावसायिक दुकान परिसर के निर्माण से हितग्राहियों को व्यवसाय स्थापित करने के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम जनकल्याण एवं विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देने के साथ स्थानीय व्यापार, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी सशक्त आधार प्रदान करेगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में गणेश सिंह, सांसद सतना, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी %पालन%, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी, एमआईसी सदस्य एवं नगर निगम निर्माण विभाग के अध्यक्ष गोपी गेलानी, वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद श्रीमती सुनीता राजेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# देवरी गांव में अनियंत्रित बोलेरो घर में घुसी, वृद्धा की मौत

▸ मासूम समेत तीन घायल, देऊरी गाँव में हुआ हादसा



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. जिले के देउरी गांव में शनिवार रात एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान की बाड़ी को ढहाते हुए सीधे घर में घुस गई।**

इस हादसे के वक्त घर में मौजूद एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक बुजुर्ग महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार के सदस्य रविशंकर कोरी ने बताया कि शनिवार शाम को घर के सभी लोग पानी भरने के बाद मकान के अंदर बनी बाड़ी (आंगन) में एक साथ बैठे हुए थे। इसी दौरान मुख्य मार्ग से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो अचानक अनियंत्रित हो गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन सीधे बाड़ी की दीवार और फेंसिंग को तोड़ता हुआ घर के भीतर घुस गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तुरंत मलबे और वाहन के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला। हादसे के बाद आरोपी बोलेरो चालक मौके पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। हादसे का शिकार हुए सभी लोगों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से मैहर जिले के अमरपाटन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान प्रेमवती कोरी (61 वर्ष), सीमा कोल (42), माया साकेत (45) और 4 वर्षीय मासूम उदय मान के रूप में हुई है। अमरपाटन अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद प्रेमवती कोरी और सीमा कोल की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन सतना ले जाते समय रास्ते में ही 61 वर्षीय प्रेमवती कोरी की मौत हो गई।

### चालक की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही रामपुर बघेलान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बाकी तीन घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# नदी किनारे छिपा मिला महुआ का स्टॉक

## पुलिस ने बरामद किया 180 किलो लाहन



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने ग्राम कंदहली में नदी किनारे 12 डिब्बों में छिपाकर रखे गए 180 किलो महुआ लाहन को बरामद कर नष्ट कर दिया।**

थाना ताला पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को शनिवार को थाना ताला पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कंदहली में नदी के किनारे अवैध शराब निर्माण हेतु महुआ लाहन छिपाकर रखा गया है। सूचना की तस्दीक हेतु चौकी प्रभारी उप निरी. नागेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की जाकर मौके पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान नदी किनारे 12 डिब्बों में छिपाकर रखा मिला। डिब्बों में रखा कुल 180 किलोग्राम महुआ का लाहन बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसी कड़ी में उक्त इलाके के आस पास रहने वाले लोगों को भविष्य में अवैध शराब निर्माण व विक्रय न करने की सख्त चेतावनी दी गई।



# फिर गिरा छत का छज्जा बाल बाल बचे बच्चे

## न्यू पुलिस लाइन में तीन दिन के भीतर दूसरी बार हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित न्यू पुलिस लाइन में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया।**

बी ब्लॉक की एक जर्जर आवासीय इमारत से छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। जिस जगह प्लास्टर गिरा, उसके आसपास बच्चे खेल रहे थे, लेकिन वे समय रहते हट गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना दोपहर के समय हुई। छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा, जिससे वहां रखी कुर्सियां और अन्य घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। यह इस तरह की पहली घटना नहीं स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। दो दिन पहले भी इसी भवन से छत का प्लास्टर गिरा था। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। न्यू पुलिस लाइन की इन इमारतों का निर्माण लगभग 16 वर्ष पहले किया गया था। वर्षों से उचित रखरखाव और मरम्मत के अभाव में ये भवन जर्जर हो चुके हैं। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और छतों से प्लास्टर उखड़ रहा है, जिससे ये कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

### कई बार शिकायत

रहवासियों का आरोप है कि भवनों की खराब स्थिति के बारे में कई बार अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। यदि समय रहते इन इमारतों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में कोई गंभीर हादसा होने की आशंका बनी हुई।

## एक नजर में



### एमएलबी में हुआ वृक्षारोपण

**सतना।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ आज एम.एल.बी. विद्यालय परिवार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण का संदेश दिया।वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य शीला सिंह, व्याख्याता शैलेन्द्र त्रिपाठी, अनीता गौतम, पुष्पलता कुशवाहा, प्रियंका त्रिवेदी सहित छात्राएँ शालू यादव, रक्षा विश्वकर्मा, महक कुशवाहा, श्रेया मिश्रा, हर्षनी सिंह, खुशी कुशवाहा, जया सिंह एवं प्रियांशी तिवारी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### एकेएस के तीन विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण का अवसर

**सतना।** नैक एक्रेडिटेड एवं सेंट्रल इंडिया की बेस्ट प्लेसमेंट यूनिवर्सिटी



ए.के.एस. विश्वविद्यालय के वर्ष 2026 बैच के तीन विद्यार्थियों का चयन आरएमएम एग्रो एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, पिपरिया (नर्मदापुरम) में एक वर्षीय संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में चेतन सेन (बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), प्रियांशु सोनी (बी.टेक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग) एवं निलेश गुप्ता (डिप्लोमा फूड टेक्नोलॉजी) शामिल हैं।




### पंजाबी महिला विकास .समिति ने करवाया रक्तदान

**सतना।** मानव सेवा के पावन उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए पंजाबी महिला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती मोना चोपड़ा ने रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के के अध्यक्ष विनोद गेलानी के सहयोग से पूजा अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद के लिए रात्रि 10:00 बजे अमन जाहुजा एवं रक्षित ।अरोड़ा जी से रक्तदान करवाकर जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रीमती मोना चोपड़ा ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन देने का माध्यम बन सकती है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि मातृशक्ति हर क्षेत्र में समाज को नई दिशा देने में सक्षम है।

# बरौंधा क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 1 की मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ग्राम कंदर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार झल्लू यादव 25 पिता बच्चा यादव निवासी दढ़वा, मानपुर फतेहगंज उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में राजमनी यादव 12, पीतम वर्मा 45 और राकेश मिश्रा 40 पिता रामसजीवन मिश्रा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ पर ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मदद के लिए दौड़े। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला।

### तेज रफ्तार बनी वजह

घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का उपचार जारी है। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह ट्रैक्टर की तेज रफ्तार और अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक और घायल सभी उत्तर प्रदेश के फतेहगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### सोशल वॉरियर्स की चयन प्रक्रिया पूरी

**सतना, 27 जून.** जिला कांग्रेस कार्यालय सतना में मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा सतना एवं मैहर जिले के सोशल वॉरियर्सके चयन हेतु साक्षात्कारों (इंटरव्यू) का आयोजन किया गया। यह पूरी चयन प्रक्रिया जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व और अध्यक्षता में गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिला कांग्रेस कमेटी शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने आधिकारिक जानकारी दी.

# पिछड़े वर्ग का नेतृत्व रास नहीं आ रहा : रामपाल



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. अखिल भारतीय यादव महा सभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष रामपाल यादव का कहना है कि राज्य में धार्मिक स्थलों के विकास, अन्य विकास योजनाएं और पिछड़े वर्ग का नेतृत्व कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है ।यही कारण है कि कांग्रेस झूठ और बेबुनियाद आरोप लगाकर षड्यंत्र रचने का काम कर रही है ।**

मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में तेजी से प्रगति कर रहा है। निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है मध्य प्रदेश इतना ही नहीं भाजपा की पिछड़े वर्ग को प्रतिनिधित्व और नेतृत्व देने से कांग्रेस बौखलाई हुई है और इसीलिए कांग्रेस द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है रामपाल ने कहा कि कांग्रेस बगैर किसी तथ्य और प्रमाण के मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर तथ्यहीन आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल करने का षड्यंत्र रच रही है। राज्य की जनता सच्चाई को जानती है और वह कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम में नहीं आने वाली ।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद कोई भूमि नहीं खरीदी : वीरेन्द्र



नवभारत न्यूज

**सतना, 27 जून. मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वामित्व की कृषि भूमि में उनके सीएम बनने के बाद हुई वृद्धि को लेकर मीडिया में आ रही खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रतिनिधि वीरेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि कांग्रेस मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की लोकप्रियता और जनहितैषी सोच से घबराकर मिथ्या आरोप लगा रही है।**


श्री द्विवेदी ने कहा कि सीएम बनने के बाद डॉ मोहन यादव की कृषि भूमि में कोई वृद्धि नहीं हुई है। समाचारों में तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर और रिश्तेदारों की स्वतंत्र गतिविधियों को जोड़कर भ्रम की स्थिति निर्मित करने का प्रयास किया गया है।

### पहले लागू हो गया था उज्जैन का मास्टर प्लान

वीरेन्द्र द्विवेदी ने जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि रिश्तेदार स्वतंत्र इकाइयाँ हैं। मुख्यमंत्री के रिश्तेदार अपने-अपने व्यवसाय एवं आर्थिक गतिविधियाँ स्वतंत्र रूप से संचालित करते हैं। उनके किसी भी निजी लेन-देन या व्यवसाय को मुख्यमंत्री से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से बेबुनियाद है। साथ ही उज्जैन मास्टर प्लान-2035 मुख्यमंत्री बनने से पहले लागू हो चुका था।


पल्स पोलियो महाअभियान 28 जून, दिन रविवार

दो बूंद जिंदगी की
हर बच्चे की सुरक्षा की!
0 से 5 वर्ष तक के हर बच्चे
को 28 जून, दिन रविवार को



नजदीकी पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।
(28 से 30 तक) आइए मिलकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाएं।

निवेदक :- जिला स्वास्थ्य समिति सिंगरौली